# डीपीएस में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम




**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) में मंगलवार को सबीर अब्बास (उप- निरीक्षक) की अगुआई में प्रादेशिक सशस्त्र बल के सातवीं बटालियन की 16 सदस्यीय आपदा प्रबन्धन टीम ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाया. श्री अब्बास ने बताया कि किसी दुर्घटना या अप्रिय परिस्थिति में धैर्य के साथ कुछ तकनीकों को अपनाकर गम्भीर स्थिति से निपटा जा सकता है और जनहानि के खतरे को समूल टाला जा सकता है. किसी भी अंग के कटने पर रक्त के प्रवाह को रोकना, दबाव बिंदु (प्रेशर प्वाइंट ) की पहचान करना, घाव पर पट्टी बांधना, प्रभावित अंग को झोली द्वारा सहारा देने आदि की जानकारी छात्रों को दी गई. हार्ट अटैक के समय प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों की भी जानकारी दी गई. मुख-श्वांस और छाती पर दबाव बनाकर रोगी को गम्भीर अवस्था से बाहर निकालने की विधि से छात्रों एवं शिक्षकों को अवगत कराया. नवजात शिशु के कंठ में फंसे सामान को निकालने, घटना स्थल पर उपलब्ध चीजों जैसे – प्लास्टिक थैले, लकड़ी, जर्सी, कम्बल तथा रस्सी से स्ट्रेचर बनाने की जानकारी भी दी गई. स्कूल प्रिंसिपल रामदेव शर्मा ने आपदा प्रबन्धन दल का धन्यवाद ज्ञापित किया.